Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

## ➢ सूरतगढ़ में आरोपी गणेशाराम गोदारा सरपंच ग्राम पंचायत मोकलसर पंचायत समिति सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर को 10,000/- रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 24 मई, शनिवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी हनुमानगढ़ ईकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री गणेशाराम गोदारा सरपंच ग्राम पंचायत मोकलसर पंचायत समिति सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर को 10,000/- रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि एसीबी चौकी हनुमानगढ़ को एक शिकायत इस आशय की मिली कि आरोपी सरपंच गणेशाराम द्वारा परिवादी के पिता के नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि स्वीकृत करवाने की एवज में परिवादी से 12,000/-रूपये रिश्वत की मांग कर रहा था।

जिस पर एसीबी रेंज बीकानेर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में एसीबी चौकी हनुमानगढ़ के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुधा पालावत** के नेतृत्व में **पुलिस निरीक्षक श्री राजेन्द्र सिंह** द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री गणेशाराम गोदार सरपंच ग्राम पंचायत मोकलसर पंचायत समिति सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर को 10,000/- रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।